hpscb
(Scheduled Bank)

# The HP State Co-operative Bank Ltd.

## Head Office - The Mall Shimla





# SAPNO KA SANCHAY
# सपनों का संचय

(Deposit Linked Loan Scheme for Students)

(छात्रों के लिए जमाधन से जुड़ी ऋण योजना )







www.hpscb.com

# Table of Content विषय सूची


1. Message from Hon'ble Chairman, Bank
माननीय अध्यक्ष, बैंक का संदेश

2. Message from Managing Director, Bank
प्रबंध निदेशक, बैंक का संदेश

3. Scheme Background
योजना पृष्ठभूमि

4. Our Vision & Beneficiaries
हमारा लक्ष्य और लाभार्थी

5. Benefits to Depositors, Loan Eligibility, Purpose of Loan
जमाकर्ताओं को लाभ, ऋण पात्रता, ऋण का उद्देश्य

6. Conclusion
निष्कर्ष

7. Enjoy Banking with Technology
प्रौद्योगिकी के साथ बैंकिंग का आनंद लें


hpscb (Scheduled Bank)

# Message संदेश



Davender Shyam - Chairman
देविन्द्र श्याम - अध्यक्ष

It gives me immense pleasure to introduce the "Sapno ka Sanchay" Deposit Linked Loan Scheme, a visionary initiative that holds the promise of shaping the future of our bank and more importantly, the dreams and aspirations of our young customers.

Young customers represent the potential for lifelong banking relationships with the ability to provide stability and growth for our institution for decades to come. To this end, we have crafted the "Sapno ka Sanchay" Deposit Scheme, a special offering designed to capture the imagination and aspirations of our youth. By engaging them at a young age, we aim to secure their trust and loyalty, ensuring that they continue to utilize our services as they transition through different life stages.

This scheme is not just a financial product; it's a commitment to invest in the dreams and aspirations of our younger generation. It offers an opportunity to establish strong financial foundations for their futures, whether they are pursuing higher education or stepping into the world of entrepreneurship.

Thank you for choosing HPSCB as your trusted financial institution and we look forward to being a part of your financial journey, helping you turn your dreams into reality.

Jai Sahkaar!

सपनों का संचय डिपॉजिट लिंक्ड लोन योजना प्रस्तुत करते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है। यह एक दूरदर्शी पहल है जो हमारे युवा ग्राहकों के सपनों और आकांक्षाओं को आकार देने का वादा करती है।

युवा ग्राहक आने वाले दशकों तक हमारी संस्था को स्थिरता और विकास प्रदान करने की क्षमता रखते हैं। इस उद्देश्य से, हमने “सपनों का संचय‘डिपॉजिट लिंक्ड लोन योजना तैयार की है, जो हमारे युवाओं की कल्पना और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए एक विशेष पेशकश है। हमारा उद्देश्य उन्हें छोटी उम्र में बैंक से जुड़ी योजनाओं में शामिल करके यह सुनिश्चित करना है कि हम जीवन भर उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अपनी श्रेष्ठ सेवाओं द्वारा लाभान्वित करते रहें।

यह योजना सिर्फ एक वित्तीय उत्पाद नहीं, अपितु हमारी युवा पीढ़ी के सपनों और आकांक्षाओं में निवेश करने की प्रतिबद्धता भी है। यह योजना उनके भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरुप एक मजबूत वित्तीय नींव स्थापित कर उसे पूर्ण करने का अवसर भी प्रदान करती है, चाहे वह उच्च शिक्षा हो या उद्यमिता की दुनिया में अपना कदम रखना।

एच0पी0एस0सी0बी0 को अपने विश्वसनीय वित्तीय संस्थान के रूप में चुनने के लिए धन्यवाद और हम आपकी वित्तीय यात्रा का हिस्सा बनने, आपके सपनों को वास्तविकता में बदलने के लिए तत्पर हैं। साथ ही मैं इस योजना की पूर्ण सफलता व बैंक के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

जय सहकार !

# Message संदेश



Sharwan Manta (H.A.S.)
- Managing Director
श्रवण मांटा (हि० प्र० से०) - प्रबंध निदेशक

I am thrilled to introduce the "Sapno ka Sanchay" Deposit Linked Loan Scheme, a testament to our unwavering commitment to the dreams and aspirations of the next generation.
Young customers are the bedrock of our institution's longevity. They represent not just future banking relationships but also the promise of vibrant growth for our bank.
Our vision, our mission is encapsulated in this scheme. "Sapno ka Sanchay" is designed to encourage our young patrons, to start early and build a solid financial foundation for their dreams, be it education or entrepreneurship. We aim to be their trusted financial partner, walking with them in their journey to success.

This is not just a scheme; it's an embodiment of our commitment for economic upliftment of the underprivileged and social responsibility of the bank toward fulfilling the dreams of the people living at the bottom of pyramid.
We are excited to be a part of your financial journey and excited to see your dreams take flight.

Wishing you a bright future.

सपनों का संचय डिपॉजिट लिंक्ड लोन योजना को बैंक की ऋण योजनाओं की कड़ी में जोड़ते हुए मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है। यह योजना अगली पीढ़ी के सपनों और आकांक्षाओं को साकार करने के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। युवा ग्राहक हमारे संस्थान की निरंतरता का आधार हैं। वे न केवल भविष्य के बैंकिंग संबंधों का प्रतिनिधित्व करते हैं, बल्कि हमारे बैंक के लिए जीवंत विकास का वादा भी करते हैं।

हमारा विजन, हमारा मिशन इस योजना में समाहित है। "सपनों का संचय" योजना की संरचना हमारे युवा संरक्षकों की उच्च शिक्षा व उद्यमिता से जुड़ी आवश्यकताओं को साकार करने के उद्देश्य से की गई है। हमारा लक्ष्य उनका भरोसेमंद वित्तीय भागीदार बनना व उनकी सफलता की यात्रा में निरंतर उनके साथ चलते रहना है।

यह सिर्फ एक योजना ही नहीं है, अपितु वंचितों के आर्थिक उत्थान के लिए हमारी प्रतिबद्धता व उनके सपनों को पूरा करने के प्रति बैंक की सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक भी है।

हम आपकी वित्तीय यात्रा का हिस्सा बनने व आपके सपनों की उड़ान भरते देखने के लिए हर्षोत्साहित हैं।

मैं आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

## Invest in your dreams with us today, for a brighter tomorrow !

## एक उज्जवल कल के लिए, अपने सपनों में निवेश करें !

## Scheme Background

Welcome to a world of financial opportunity with our "Sapno ka Sanchay" Deposit Scheme. At HPSCB we believe in nurturing lifelong relationships and supporting young customers in their pursuit of a brighter future. This unique scheme is designed to attract and engage young savers, offering them a pathway to secure their financial aspirations, whether it's higher education or embarking on a thrilling entrepreneurial journey. With "Sapno ka Sanchay," we aim to promote financial inclusion, establish trust, provide valuable services, and ensure a financial foundation that lasts for generations to come. Join us on this remarkable journey, where your dreams take center stage, and financial success is not just a possibility but a promise.



## योजना पृष्ठभूमि

सपनों का संचय “जमाधन से जुड़ी ऋण योजना“ के साथ वित्तीय अवसरों की दुनिया में आपका स्वागत है । एच0पी0एस0सी0बी0 में हम आजीवन रिश्तों को पोषित करने और युवा ग्राहकों को उनके उज्जवल भविष्य की तलाश में समर्थन देने में विश्वास रखते हैं। यह अनूठी योजना युवा बचतकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए बनाई गई है, जो उन्हें अपनी वित्तीय आकांक्षाओं को सुरक्षित करने का मार्ग प्रदान करती है, चाहे वह उच्च शिक्षा हो या किसी नए छोटे उघम की नींव रखना। “सपनों का संचय“ के साथ हमारा लक्ष्य वित्तीय समावेश को बढ़ावा देना, छात्रों में विश्वास स्थापित करना, मूल्यवान सेवाएं प्रदान करना और एक सुरक्षित वित्तीय नींव सुनिश्चित करना है। इस उल्लेखनीय यात्रा में हमारे साथ जुड़कर छात्र अपने सपनों को उड़ान देने में सक्षम होंगे।

# Our Vision

Our Vision is to attract young customers and provide financial assistance for higher education or Startup/Entrepreneurial activity /livelihood activity. We aim to promote financial inclusion, establish trust and offer valuable services to set you on a path of financial success.



# हमारा लक्ष्य

हमारा लक्ष्य युवा ग्राहकों को आकर्षित करना, उच्च शिक्षा या स्टार्टअप के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना तथा उन्हें वित्तीय सफलता की राह पर अग्रसर करने के लिए मूल्यवान सेवाएं प्रदान करना है|

# Beneficiaries

All students aged 10 to 18 years of age.

# लाभार्थी

10 से 18 वर्ष की आयु के सभी छात्र|

# Sapno ka Sanchay Account

**A unique account structure that encourages regular saving.**

- Initially the applicant shall open a normal savings bank account and earn the prevailing saving deposit interest.
- Every year, on applicant's birth anniversary, the saving account balance will shift to a Term Deposit Account and would fetch Term Deposit Interest.
- Every year, a minimum of Rs. 5000 should accrue in the "Sapno ka Sanchay" account to convert it into a Term Deposit account.

# सपनों का संचय खाता

**एक अनूठी खाता संरचना जो नियमित बचत को प्रोत्साहित करती है|**

- प्रारंभ में आवेदक एक सामान्य बैंक बचत खाता खोलेगा और मौजूदा बचत जमा ब्याज अर्जित करेगा|
- हर साल, आवेदक के जन्मदिन पर, बचत खाते की शेष राशि सावधि जमा खाते में स्थानांतरित हो जाएगी और सावधि जमा ब्याज मिलेगा|
- हर साल, न्यूनतम 5000 रुपए "सपनों का संचय" सावधि जमा खाते में जमा होना आवश्यक है|

## Benefits to Depositors

- ATM charges shall be waived for applicants up to 18 years of age.
- Loan facility shall be available, up to **five times** the Term Deposit amount, after turning 18 and completing five years, subject to specific terms and conditions.
- 1% less interest than the prevailing rate on Loan availed by the applicant against the Fixed Deposit.

## जमाकर्ताओं को लाभ

- आवेदकों के लिए 18 वर्ष की आयु तक ए0टी0एम0 शुल्क माफ किया जाएगा।
- 18 वर्ष की आयु और पांच वर्ष पूरे करने के बाद सावधि जमा राशि के पांच गुना तक ऋण सुविधा उपलब्ध होगी (सी0एम0ए0 मानदण्डो के अनुरुप)।
- ऋण पर प्रचलित दर से एक प्रतिशत कम ब्याज लिया जाएगा।

hpscb (Scheduled Bank)

## Loan Eligibility

- Minimum of 5 years with a Sapno ka Sanchay scheme saving account.
- Age between 18 and 25.
- Minimum of Rs. 25,000 to accrue in the Sapno ka Sanchay Term Deposit account at the time of the loan request.

## ऋण पात्रता

- न्यूनतम 5 वर्ष तक "सपनों का संचय" योजना बचत खाता अनिवार्य है।
- उम्र 18 से 25 के बीच।
- ऋण अनुरोध के समय "सपनों का संचय" सावधि जमा खाते में न्यूनतम 25,000 रुपए जमा होना।

## Purpose of Loan

Higher Education or Startup activity or any entrepreneurial activity

## ऋण का उद्देश्य

उच्च शिक्षा या स्टार्टअप गतिविधि या कोई उद्यमशीलता गतिविधि।

## Conclusion

The "Sapno ka Sanchay" Deposit Scheme is a unique opportunity to secure your financial future. We invite you to join our journey and experience the benefits of a lifelong relationship with our bank.

Remember, our Branch Managers are here to guide you through the process, ensuring your financial dreams come true.

## निष्कर्ष

“सपनों का संचय” जमा योजना छात्रों के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने का एक अनूठा अवसर है। हम आपके जीवन की वित्तीय यात्रा को सफल बनाकर अपने बैंक के साथ आजीवन संबंध के लाभों का अनुभव लेने के लिए आमंत्रित करते हैं।

याद रखें, आपके वित्तीय सपनों को साकार करने हेतु हमारे शाखा प्रबंधक इस योजना के तहत आपका मार्गदर्शन करने के लिए सदैव तत्पर हैं।

hpscb (Scheduled Bank)

# Enjoy Banking with Technology

## प्रौद्योगिकी के साथ बैंकिंग का आनंद लें



Internet Banking




Mobile App




- IMPS (Immediate Payment Service)
- PMFS (Public Fund Management System)
- CTS (Cheque Truncation System)
- UPI (Unified Payments Interface)
- QR code for Cooperative Societies and Customers
- 110 ATMs
- MMS (Mandate Management System)

hpscb
(Scheduled Bank)

(Bank of the State - For of the State)
(राज्य का बैंक - राज्य के लिए)

@hpscblofficial

www.hpscb.com

1800 180 8090 Toll Free